सब काम राम जी के तुमने बनाये है

सब काम राम जी के तुमने बनाये है,
बाला जी तुमने सारे संकट मिटाये है,
सब काम राम जी के तुमने बनाये है,

सुग्रीव राम जी से तुमने ही थे मिलाये,
पाताल से तुम ही तो राम और लखन को लाये,
सागर पे पुल बनाये,लक्ष्मण के प्राण भी तो तुमने बचाये है,
सब काम राम जी के तुमने बनाये है,

लंका में सुध सिया की लेने को कौन जाता,
था कौन बिन तुम्हारे जो ये काम करके आता,
बलबुद्धि के विद्याता साई राम और लखन ने ये वचन सुनाये है,
सब काम राम जी के तुमने बनाये है,

पग पग पे राम तुमने विपदाओं से उभारे,
जग राम का ऋणी है ऋणी राम है तुम्हारे,
हे राम के दुलारे बल से सदा बलराम पाये है,
सब काम राम जी के तुमने बनाये है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10976/title/sab-kaam-ram-ji-ke-tumne-bnaaye-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |